Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

**S–123–Science(D & D)**

# माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2019

## विज्ञान

## (SCIENCE)

**समय** : 4¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5)

| प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|
| 1-5 | 1 |
| 6-10 | 1 |
| 11-15 | 2 |
| 16-25 | 3 |
| 26-30 | 6 |

6) प्रश्न संख्या 26 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

प्रश्न : 1-5 निम्न प्रश्नों के उत्तरों का सही विकल्प का चयन करें : [5 × 1 = 5]

1) आयोडीन की कमी से रोग होता हैं–

क) रतौंधी
ख) रिकेटस
ग) बॉझपन
घ) घेंघा

2) विरंजक चूर्ण वायु में खुला रखने पर कौनसी गैस देता हैं –

क) $H_2$
ख) $O_2$
ग) $Cl_2$
घ) $CO_2$

3) विद्युत ऊर्जा का व्यावसायिक मात्रक है–

क) जूल
ख) वाट – सेकण्ड
ग) किलोवाट घण्टा
घ) किलोवाट प्रति घण्टा

4) पुष्पक्रम से प्राप्त सब्जी है –

क) आलू
ख) फूलगोभी
ग) भिण्डी
घ) टमाटर

5) अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कब मनाया जाता है?

क) 22 मई
ख) 23 मई
ग) 21 मई
घ) 24 मई

प्रश्न : 6-10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए : [5 × 1 = 5]

6) रक्तचाप मापने वाले यंत्र का क्या नाम हैं

7) प्रभावी लक्षण किसे कहते है?

8) लाल चींटी के डंक में कौनसा अम्ल पाया जाता है?

9) आधुनिक आवर्त नियम क्या है?

10) भेंड़ की एक देशी अच्छी नस्ल का नाम लिखिए।

प्रश्न : 11-15 निम्नलिखित प्रश्नों की उत्तर शब्द – सीमा अधिकतम 30 शब्द है : [5 × 2 = 10]

11) रेडॉक्स अभिक्रिया किसे कहते है? एक उदाहरण लिखिए।

12) जैव विविधता संरक्षण के प्रकार लिखिए।

13) CNG व LPG का पूरा नाम लिखिए।

14) अवतल दर्पण के कोई दो उपयोग लिखिए।

15) लक्षण प्रारूप व जीन प्रारूप में अन्तर लिखिए।

प्रश्न : 16-25 निम्नलिखित प्रश्नों की उत्तर शब्द – सीमा अधिकतम 50 शब्द है : [10 × 3 = 30]

16) जल संरक्षण व प्रबंधन के तीन सिद्धान्त लिखिए।

17) आर एच (Rh) कारक क्या हैं? इसके महत्त्व को समझाइए।

18) दो प्रबल अम्ल एवं दो प्रबल क्षारों के नाम तथा उपयोग लिखिए।

19) नेत्र की समंजन क्षमता व दृष्टि परास से क्या अभिप्राय है?

20) प्रतिरोधो के श्रेणीक्रम संयोजन व समान्तर क्रम संयोजन में क्या अन्तर है?

21) औषधीय महत्त्व के दो पादपों के वैज्ञानिक नाम लिखिए।

22) अवशेषांग किसे कहते हैं? मानव शरीर के एक अवशेषांग का नाम लिखिए।

23) निम्न के IUPAC नाम लिखिए :-

i) आइसोआक्टेन

ii) $(CH_3)_2 - C = CH_2$

iii) नियोपेन्टेन

24) डार्विन के अनुसार पृथ्वी पर पहले जीव की उत्पत्ति कैसे हुई होगी? स्पष्ट कीजिए।

25) उत्तल दर्पण का प्रयोग पीछे के दृश्य देखने हेतु क्यों करते है? कारण सहित समझाइए।

प्रश्न : 26-30 निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्प दिए गए हैं। उत्तर शब्द – सीमा अधिकतम 100 शब्द है :

**[5 × 6 = 30]**

26) अ) अंत: स्त्रावी तंत्र में हाइपोथैलेमस की क्या भूमिका है? समझाइए।

ब) अग्न्याशय के बहि: स्त्रावी तथा अंत स्त्रावी कार्यो को समझाइए।

**[3 + 3 = 6]**

अथवा

अ) नाइट्रोजनी अपशिष्ट के तीनों प्रकारो को समझाइए।

ब) मूत्र निर्माण में बोमन संपुट की भूमिका समझाइए।

27) अ) तत्वों के निम्नलिखित गुण आर्वतसारणी में किस प्रकार आवर्तितता दर्शाते है :-

i) परमाणुत्रिज्या

ii) आयनन एन्थैल्पी

iii) विद्युत ऋणात्मकता

ब) बोर मॉडल की कमियाँ लिखिए।

[3 + 3 = 6]

अथवा

अ) हीरा, ग्रेफाइट व फुलरीन की उपयोगिता लिखिए।

ब) निम्न पर टिप्पणी लिखिए –

i) फ्रियॉन

ii) प्राकृतिक रबर

28) अ) प्रतिरोधो की पदार्थ पर निर्भरता को समझाइये।

ब) प्रतिरोधो की ताप पर निर्भरता को समझाइये।

[3 + 3 = 6]

अथवा

अ) विद्युत ऊर्जा के उत्पादन से लेकर घरों तक उपभोग होने तक ऊर्जा क्षय किस प्रकार होता है?

ब) मकानों में वातानुकूलन को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए क्या–क्या किया जा सकता हैं?

29) अ) मछली पालन तथा मुर्गीपालन के महत्व को समझाइए।

ब) लाख कीट संवर्धन एवं मोती (मुक्ता) संवर्धन को समझाइए।

[3 + 3 = 6]

अथवा

अ) भूकम्प का क्या कारण हैं? समझाइए ।

ब) अपरदन शक्तियों का मानव जीवन में महत्व समझाइए ।

30) अ) डॉ. सलीम अली के जीवन वृत एवं विज्ञान में उनके योगदान का वर्णन करों ।

ब) चरक के अनुसार आनुवांशिक दोष के क्या कारण थे ?

[3 + 3 = 6]

अथवा

अ) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवनवृत एवं विज्ञान में उनके योगदान का वर्णन करों ।

ब) रमन प्रभाव का महत्व लिखिए ।